# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–22 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश भर में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह गोरखनाथ मंदिर में गो सेवा कर पूजा अर्चना की। पर्व की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए कई अभिनव कार्यक्रम संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिर्फ गोपूजन ही नहीं हो रहा है बल्कि गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए योजनाएं भी चलाई जा रही हैं।

गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अलग–अलग आयोजन किए गए। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**वाराणसी में अन्न की देवी माता अन्नपूर्णा के दरबार में अन्नकूट के अवसर पर छप्पन व्यंजन का भोग लगाकर भव्य आरती की गई। वहां श्री काशी विश्वनाथ धाम में भी अन्नकूट पर्व पर भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव का श्रृंगार इक्कीस क्विंटल विविध प्रकार के मिष्ठानों से किया गया। अयोध्या में सरयू तट स्थित यमथरा घाट पर परंपरागत रूप से श्रद्धालुओं ने स्नान कर यमराज की पूजा–अर्चना की। मथुरा सहित पूरे ब्रजमंडल में गोवेर्धन पूजा की गई। इस अवसर पर वृंदावन के श्री कृष्ण बलराम इस्कॉन मंदिर में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। लखनऊ में गोवर्धन पूजा और पारम्परिक जमघट का आयोजन किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जमघट पर्व पर पतंग बाजी में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पतंग बाजी बहुत ही पुराना खेल है और यह एक ऐतिहासिक विरासत है। प्रेम चन्द्र गुप्ता, आकाशवाणी समाचार गोरखपुर।**

**********

पर्व एवं त्योहारों को देखते हुए यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए भारतीय रेल बारह हजार से अधिक विशेष रेल गाड़ियों का संचालन कर रहा है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न मंडलो से होकर दिल्ली, मुम्बई, पुणे, कोलकाता और अहमदाबाद जैसे कई प्रमुख शहरों के लिए लगभग एक सौ छियासी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने आज गोरखपुर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान गोरखपुर रेलवे स्टेशन से होकर उनसठ विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्लेटफार्मों पर भीड़ को नियंत्रित करने, निगरानी और सुरक्षा के लिए भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**गोरखपुर स्टेशन में पांच होल्डिंग एरिया बनाए हैं, जिसमें लगभग दो हजार यात्रियों को हम एक समय में होल्ड कर सकते हैं और इसी तरह से छपरा और बनारस स्टेशनों पर भी होल्डिंग एरियाज बनाए हैं। इसके अलावा हमने वार रूम्स बनाए हैं, जहां सारा सीसीटीवी का फीड भी हमलोगों को प्राप्त हो रहा है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह लोगों की समस्या से जुड़ी शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं।

**********

वस्तु और सेवा कर जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा करते हुए बाइस सितंबर को इसकी शुरूआत की थी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारो के तहत सरकार ने मानव निर्मित रेशों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। मानव निर्मित धागों पर कर की दर 12 प्रतिशत घटकर 5 प्रतिशत कर दी गई है वहीं ढाई हजार रुपए प्रति पिस तक के रेडीमेड कपड़ों पर अब 5 प्रतिशत कर लग रहा है, जो पहले 12 प्रतिशत हुआ करता था। सरकार ने ढाई हजार रुपए प्रति जोड़े तक के जूते पर भी कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। शिवांग मिश्रा, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

अकादमिक जगत और सशस्त्र बलों के बीच समन्वय को बढ़ावा देने की दिशा में वाराणसी जिले में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। वहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–बीएचयू और उन्तालीस गोरखा ट्रेनिंग सेंटर के बीच पारस्परिक सहयोग, ज्ञान आदान–प्रदान और राष्ट्रीय महत्व की संयुक्त पहलों को प्रोत्साहित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन–एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए है। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया कि एमओयू के तहत प्रस्तावित ज्ञान आदान–प्रदान से राष्ट्र की स्वदेशी क्षमताओं के सशक्त होने में मदद और आत्मनिर्भर भारत के विजन को गति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

**********

उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व पर विधि–विधान के साथ आज से शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस वर्ष साढ़े सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगोत्री धाम के दर्शन किए हैं।

**********